**दिनांक : 25 /06/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचारः-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति बैठक में मंत्रालयों और राज्य सरकारों को परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सायबर खतरों को लेकर जागरूकता पर दिया जोर।
- आज संविधान हत्या दिवस पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी देव मीणा ने पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- प्रदेश में अगले 48 घंटों में मानसून के दस्तक देने के आसार।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-प्रगति बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में प्रगति की 52वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सड़क, बिजली, औद्योगिक गलियारे और मेट्रो रेल क्षेत्रों की लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की चार प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं में देरी से लागत बढ़ती है और जनता को समय पर लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने मंत्रालयों और राज्य सरकारों को लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री मोदी ने साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़ी शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने राज्यों से ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था लागू करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने तपेदिक उन्मूलन के लिए एआई के उपयोग पर बल दिया।

सायबर जागरूकता अभियान -मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सायबर खतरा एक ऐसा अदृश्य दुश्मन है , जो बिना दस्तक दिए हमारे घरों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल में आयोजित 'राज्य व्यापी सायबर जागरूकता अभियान' के तहत सेफ क्लिक 2.0 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को सायबर सुरक्षा के तीन महत्वपूर्ण सूत्र जागरूकता, सावधानी और सहभागिता के बारे में बताया..

यह अभियान 24 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक प्रदेश के 10 संभाग, 55 जिलों और 50 हजार से अधिक गांव में एक साथ चलेगा।

संविधान हत्या दिवस

आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की याद दिलाता है, जब देश में संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

वॉयस कास्ट- सकलेन अख्तर

अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 27 जून को सशक्त उद्यमी समृद्ध मध्यप्रदेश समिट राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित किया जाएगा। दो हजार से अधिक प्रतिभागियों वाले इस समिट में मुख्यमंत्री डा ॅक्टर मोहन यादव शामिल होंगे। वहीं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डा ॅक्टर मोहन यादव भूमि आवंटन, भूमिपूजन, लोकार्पण तथा एमएसएमई, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार लाभार्थियों को चेक प्रदान करेंगे और एमएसएमई प्रदर्शनी एवं ईज ऑफ डूइंग क्लिनिक का उद्घाटन भी करेंगे।

एनसीबी बैठक-शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्रालय ने बताया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो- एनसीबी द्वारा आयोजित इस बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और मादक पदार्थों से संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने के प्रयासों की समीक्षा करने के लिए एक साथ आएंगे।

नशामुक्ति दिवस

कल 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस मनाया जाएगा। जिसे लेकर झाबुआ और डिंडोरी जिलों में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। झाबुआ कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने एनकोर्ड की बैठक में निर्देश दिए कि अब जिले के स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में येलो लाइन खींचकर तंबाकू बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। दूसरी ओर, डिंडोरी कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि जिलेभर में रैलियां निकालकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। जिले में 15 से 31 जुलाई तक विशेष जागरूकता पखवाड़ा के तहत शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

राज्यपाल-दुधारू पशु

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के हितग्राहियों को दुग्ध संग्रहण एवं विपणन की मजबूत व्यवस्था उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं। राज्यपाल श्री पटेल कल लोक भवन में आयोजित पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे।

पोल वॉल्ट स्पर्धा

भुवनेश्वर में 24 से 28 जून 2026 तक आयोजित 65वीं राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी देव मीणा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। पोल वॉल्ट स्पर्धा में देव मीणा ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले देव मीणा ने आगामी एशियाई खेल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

मौसम

प्रदेश में अगले 48 घंटों में मानसून के दस्तक देने के आसार है। राजधानी भोपाल समेत आसपास के जिलों में कल शाम तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मानसून की दस्तक बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते होने के आसार हंै। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान नर्मदापुरम, इन्दौर, उज्जैन और जबलपुर संभागों के अधिकांश जिलों में कहीं-कहीं बारिश हुई। इंदौर जिले में 22 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई। बारिश शुरू होते ही जिले में खरीफ की बुआई का कार्य भी शुरू हो गया है। जिले में वर्ष खरीफ सीजन में कुल 2 लाख 52 हजार 624 हेक्टेयर क्षेत्र में फसले बोई जाएंगी। इसमें प्रमुख रूप से 2 लाख 33 हजार हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन की बोनी होगी, जो कुल क्षेत्र का लगभग 92 प्रतिशत है।

स्वच्छता प्रबंधन

स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा के उद्देश्य से कल मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूलों में बालिकाओं के लिये मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन सुविधाओं, पृथक एवं कार्यशील शौचालयों, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, सेनेटरी नैपकिन वितरण व्यवस्था, प्रयुक्त नेपकिन के सुरक्षित निस्तारण के लिये उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने दादाजी मंदिर नव निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।
- आगरमालवा जिले में ग्राम पंचायत पालखेड़ी में एक कानूनी जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को बाल विवाह और दहेज प्रतिषेध अधिनियम और लोक अदालत के फायदों के बारे में बताया गया।
- मंडला में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

- इंदौर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में नामी कंपनियों ने कुल 145 प्रतिभावान छात्राओं का नौकरी के लिए चयन किया।
- शासकीय आईटीआई राजगढ़ में नए सत्र के प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इच्छुक छात्र आगामी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।
- बैतूल की ग्राम पंचायत घाट पिपरिया में कठपुतली के खेल के जरिए ग्रामीणों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया गया।
- गुना में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तहत बीनागंज में एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र में एयर फोर्स अधिकारियों ने छात्रों को अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी।

-------------